क्रम संख्या–

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

निविदा प्रपत्र

सम्वत्–2079 के विश्वपंचांग के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण प्रपत्र

प्रातः स्मरणीय, महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी द्वारा प्रकाशित सुप्रसिद्ध विश्वपंचांग का 97 वाँ अंक अपनी अक्षुण्ण परम्पराओं के अनुरूप विक्रय हेतु शीघ्र सुलभ होने वाला है।

विश्वपंचांग की मूलभूत विशेषतायें

1. शुद्ध भारतीय पद्धति (सूर्य सिद्धान्त) द्वारा इसका निर्माण किया जाता है।
2. इस पंचांग में ज्योतिष विषयक विविध सामग्री, प्रायः सभी महत्वपूर्ण मुहूर्तो के उपकरण तथा व्रत पर्वो के निर्णय धर्मशास्त्रीय आधार पर दिये जाते है
3. संध्या, तर्पण, जप विशिष्ट अवसरों हेतु पूजन–विधि के साथ–साथ लगभग 29(उन्तीस) व्रत–कथा एवं उपाख्यानों का संग्रह प्रति वर्ष दिया जाता है।

प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से विश्वपंचांग के सम्वत्–2079 अंको की प्रतियों की बिक्री हेतु बंद लिफाफा में निम्न शर्तो पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. पंचांग का अधिकतम विक्रय मूल्य रू0 50/– प्रति पंचांग होगा।
2. पंचांग का विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम विक्रय मूल्य 32/– प्रति पंचांग होगा + सरकारी नियमानुसार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देय होगा।
3. निविदा निर्गत करने की तिथि–12.10.2021
4. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 01.11.2021
5. अधिकतम दर पर खरीदने वाले फर्म/प्रकाशक को स्वीकृत किया जायेगा।
6. निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता द्वारा रू0 25,000/– सुरक्षा राशि के रूप में जमा करने होगे।
7. विश्वविद्यालय के पास बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत अथवा एक से अधिक निविदाकर्ताओं में बिक्री हेतु पंचांग वितरित करने का अधिकार सुरक्षित है। (निविदा की अधिकतम दर पर)
8. प्रतियों का मूल्य बैंकर्स चेक द्वारा जमा करना होगा जो "कुलसचिव" काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम देय हो।
9. एक अनुबन्ध पत्र जिसमें यह उल्लेखित होगा कि आपके द्वारा उल्लिखित 25000 प्रतियाँ अवश्य क्रय करना होगा (निविदा स्वीकृत होने के बाद देय होगा)।
10. निविदा स्वीकृत हो जाने पर आपके द्वारा क्रय की गयी प्रतियों से अधिक की मांग यदि हो तो 15 दिन पूर्व अग्रिम भुगतान के साथ सूचना देने पर प्रतियाँ उपलब्ध होगी।
11. पूर्ण रूप से भरी निविदायें उप–कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), का0हि0वि0वि के कार्यालय में दिनांक 01.11.2021 को 3.00 बजे अपराहन तक जमा की जा सकती है।

प्रतिष्ठान द्वारा भरा जाय

मैं (नाम)..वास्ते (प्रतिष्ठान का नाम)..
....

पूरा पता..
....

उपरोक्त शर्तो एवं नियम से सहमत हूँ और विश्व पंचांग–2079 की कम से कम 25,000 प्रतियाँ अवश्य उठा लूँगा। मेरी निविदा स्वीकृत हो जाने पर मेरे द्वारा उपरोक्त नियम एवं शर्तो में किसी प्रकार की अनियमितता या ढील पाये जाने पर मेरी निविदा निरस्त कर दी जाय और सुरक्षा–धनराशि जब्त कर ली जाय।

दिनांक

नाम–

प्रतिष्ठान का नाम–

पूरा पता–

नोट : निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर तथा पूर्ण रूप से भरकर उप–कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कार्यालय में जमा किये जा सकते है।